# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, जगदीशपुर

पत्रांक 976 अनु० जगदीशपुर दिनांक :– 10 / 10 / 2025

प्रेषक,

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, जगदीशपुर

सेवा में,

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव,
बिहार ग्रमीण पथ विकास अभिकरण (ब्राडा), पटना।

**विषय :–MMGSUY ( Gen )** अंतर्गत पथ में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के संपन्न प्रगति यात्रा के दौरान पथ निर्माण कार्य का आवंटन उपलब्ध कराने के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि **MMGSUY ( Gen )** अंतर्गत पथ में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के संपन्न प्रगति यात्रा के दौरान पथ निर्माण कार्य के भुगतान हेतु संलग्न विवरणी के अनुसार **रू०–28.71935 लाख** राशि की आवश्यकता है।

अतः अनुरोध है कि उक्त राशि का आवंटन उपलब्ध कराया जाए, ताकि कराये गये विभागीय कार्य का भुगतान किया जा सके ।

सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन

Amreshkumar 10/10/25

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, जगदीशपुर

10.10.25

10/10/25

# ग्रामीण कार्य विभाग

## MMGSUY ( Gen ) योजना से घटनोत्तर प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त विभागीय कार्य की अधियाचना

PIU का नामः—कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जगदीशपुर

| क्रमांक | पथ का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि ( लाख में ) | संवेदक का नाम | कार्य का स्तर (E/W, GSB/WBM/BT) | अधियाचित राशि (लाख में.) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Harigaon Dulhinganj Road To Harigaon Shiv Mandir Via Shivsagar Ramgulam Yadav | Lt. No. 2677 Dt. 21.07.2025 | 28.839 | Departmental | Work Complete | 28.71935 | माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के संपन्न प्रगति यात्रा के दौरान पथ का निर्माण कार्य की घटनोत्तर प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक 2677 दिनांक 21.07.2025 द्वारा प्राप्त है। |
| | | | | | | **28.71935** | |

Anmesh Kumar 10/10/25

Executive Engineer
R.W.D. Works Division, Jagdishpur

10/10/2025

10.10.25

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– मु0अ0(अ0उ0)4515–01– 97/2025 पार्ट–I 2677 /पटना, दिनांक–21/7/2025
प्रेषक,

**उज्ज्वल कुमार सिंह,** भा0प्र0से0
विशेष सचिव।

सेवा में,

**महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)**
बिहार, पटना।

विषयः– मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के सामान्य घटक के अधीन कुल 06 योजनाओं के उन्नयनार्थ स्तम्भ–6 में अंकित लम्बाई (कि0मी0) एवं स्तम्भ–7 में उन्नयनार्थ हेतु कुल राशि रू0 307.301 लाख रूपये मात्र है, पर (कुल 06 योजना) घटनोत्तर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के सामान्य घटक के अधीन कुल 06 योजनाओं के उन्नयनार्थ समर्पित विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन जिसकी अनुमोदित राशि 0–5 करोड की है पर सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त है जिनके लिए स्तंभ 07 में अंकित कुल राशि 307.301 लाख मात्र है पर योजनावार घटनोत्तर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया जाता है।

| क्रम सं0 | जिला | कार्य प्रमण्डल | प्रखण्ड | योजना का नाम | विभागीय रूप से कराये गये कार्य की लम्बाई (कि0मी0) | कुल प्राक्कलित राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Katihar | Katihar | Korha | L038 PWD Road Torampur | 3.312 | 199.15500 |
| 2 | Sheohar | Sheohar | Piprahi | RWD Road Piprahi Jila Parishad Market Complex se Block Office Piprahi hote huye To SH 54 Tak | 0.220 | 8.00100 |
| 3 | Sheohar | Sheohar | Sheohar | Sheohar Bishanpurmaan Police Line se Lachka Pul hote huye to SH 54 Police Check Post tak | 0.520 | 19.24900 |
| 4 | Bhojpur | Ara | Barhara | Bakhorapur PWD Road To Buniyadi School (Bakhorapur) | 0.300 | 19.75900 |
| 5 | Kaimur | Mohania | Mohania | Constructioni of Approach Road for Helipad and link road of Bharkhar Village | 0.600 | 32.29800 |
| 6 | Bhojpur | Jagdishpur | Jagdishpur | Harigaon Dulhinganj Road To Harigaon Shiv Mandir Via Shivsagar Ramgulam Vidyalay | 0.844 | 28.83900 |
| | | | | **TOTAL** | **5.796** | **307.301** |

2. मांग संख्या–37–मुख्य शीर्ष–4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष – 00, लघु शीर्ष –103–सामान्य मद के लिए विशेष घटक योजना, उपशीर्ष –0121– मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के सामान्य घटक के अधीन वित्तीय वर्ष 2025–26 में बजट शीर्ष 4515–00–103–0121 के अधीन 1998.41 करोड़ रुपये का बजट उपबंध है। प्रस्तावित कुल 06 योजनाओं के योजनावार घटनोत्तर प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान की जाने वाली कुल राशि रू0 307.301 लाख निर्धारित Bank Of Sanction (BOS) की अधिसीमा के अधीन है।

Scanned with OKEN Scanner

3. संबंधित कार्यपालक अभियंता, संबंधित कार्य प्रमण्डल योजनाओं के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। नियंत्री एवं व्ययन पदाधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि कार्यो का विशिष्टताओं/विशिष्टि के अनुरूप कार्यान्वित कराकर एकरारनामा एवं सुसंगत वित्तीय प्रावधानों के पालन उपरान्त पूर्णतः संतुष्ट होकर ही राशि की निकासी एवं व्ययन करेगें। किसी प्रकार की अनियमितता के लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकरी (कार्यपालक अभियंता) पूर्णतः जिम्मेवार होगें।

4. सारणी में अंकित योजनाओं का विभागीय रुप से कार्य सम्पादन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराया जायेगा।

5. इन योजनाओं के चयन के प्रस्ताव पर विभागीय मंत्री महोदय का अनुमोदन संचिका संख्या– मु0अ0(अ0उ0)4515–01– 97/2025 पार्ट–I, दिनांक 29.05.2025 को प्राप्त है।

6. सारणी में अंकित योजना का विभागीय रुप से कराये गये कार्य हेतु घटनोत्तर प्रशासनिक अनुमोदन के प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार अपर मुख्य सचिव महोदय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा संचिका संख्या– मु0अ0(अ0उ0)4515–01– 97/2025 पार्ट–I में दिनांक 04.07.2025 को प्राप्त है।

7. योजना के कार्यान्वयन के पूर्व डी0पी0आर0 पर कार्यपालक अभियंता द्वारा सक्षम प्राधिकार से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त की जायेगी।

8. योजना की तकनीकी स्वीकृति प्रदान किये जाने के क्रम में प्रावधानित प्रत्येक मद की संभाव्यता की जाँच सक्षम प्राधिकार द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

9. एकरारनामा के पूर्व कार्यपालक अभियंता यह सुनिश्चित कर लेंगे की सूची में वर्णित कोई भी योजना किसी अन्य अनुरक्षण कार्यक्रम से अच्छादित नहीं हो।

10. संबंधित योजना U/SRI कैटेगरी के अन्तर्गत चिन्हित नहीं हो। यदि चिन्हित हो तो निर्धारित प्रक्रियानुसार सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के उपरान्त ही योजना कार्यान्वित की जाय।

11. बिहार कोषागार संहिता निहित प्रावधानों के आलोक में बजट प्रावधान के अन्तर्गत निधि की उपलब्धता के आधार पर उक्त योजना हेतु राशि की निकासी की जायेगी।

12. वित्त विभाग के संकल्प सं0–12888 दिनांक 03.12.2024 में निहित निदेशों को अक्षरशः पालन किया जायेगा तथा बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में योजना में उपबंधित राशि की उपलब्धता के आधार पर व्यय की जायेगी।

13. यह राशि उसी मद में खर्च की जायेगी, जिसके लिए पुर्नविनियोजित की गयी है, अन्य मद में नहीं।

14. प्राक्कलन की विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

15. संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा योजना के वित्तीय एवं भौतिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह की 5 तारीख तक ऑन लाइन प्रविष्टि कराते हुए अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को निश्चित रुप से उपलब्ध कराएंगे।

16. योजना के कार्यान्वयन के क्रम में इनका निर्धारित निरीक्षण, सरकार से निर्गत आदेशों में प्रावधानित सक्षम नियंत्री पदाधिकारियों द्वारा नियमित अन्तराल पर अनिवार्य रुप से किया जायेगा एवं कार्यो को स–समय तथा गुणवत्ता पूर्वक सम्पन्न कराना सुनिश्चित कराया जायेगा। योजना के कार्यान्वयन में अनियमितता की स्थिति में दोषी पदाधिकारी उत्तरदायी माने जाएगे।

Scanned with OKEN Scanner

17. वित्त विभाग के संकल्प सं0–12888 दिनांक 03.12.2024 की कंडिका–17 के आलोक में संबंधित योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति की वैधता स्वीकृत्यादेश निर्गत करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि तक वैध रहेगी।

18. स्वीकृत्यादेश प्रारूप आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या– मु0अ0(अ0उ0)4515–01– 97 / 2025 पार्ट–I के पृ0–24 / टि0 पर दिनांक–15.07.2025 को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

(उज्ज्वल कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

ज्ञापांक– मु0अ0(अ0उ0)4515–01– 97 / 2025 पार्ट–I 2677 / पटना, दिनांक– 21/07/2025
प्रतिलिपि–संबंधित कोषागार पदाधिकारी, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष सचिव।

ज्ञापांक– मु0अ0(अ0उ0)4515–01– 97 / 2025 पार्ट–I 2677 / पटना, दिनांक– 21/07/2025
प्रतिलिपि– माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, योजना एवं विकास विभाग / वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा) / आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग / संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त / संबंधित जिला पदाधिकारी / संबंधित उप विकास आयुक्त / अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / अवर सचिव बजट शाखा, ग्रामीण कार्य विभाग / संबंधित मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / संबंधित अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य अंचल / संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित एवं आई0टी0 नोडल पदाधिकारी को MIS में अपलोड करने हेतु एवं आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

विशेष सचिव।

Scanned with OKEN Scanner